259 9/c

अति तत्काल

सं0 1/34/1/97-मंत्रि0(i)

भारत सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली, 9 जून,1997

19 ज्येष्ठ, 1919(शक)

मुझे यह कहने का निदेश हुआ कि 9 जून,1997 सेः-

(1) प्रधानमंत्री ने शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालय,पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और विद्युत मंत्रालय का कार्यभार छोड़ दिया तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और योजना एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। वे परमाणु उर्जा, कार्मिक,लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालयों/विभागों और अन्य मंत्रालय/विभाग जो किसी अन्य कैबिनेट मंत्री अथवा राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) को आबंटित नहीं किये गये हैं जैसेः इलैक्ट्रानिक्स,विदेश,जम्मू - कश्मीर कार्य,महासागर विकास और अंतरिक्ष का कार्यभार संभाले रहेंगे ।

(2) श्री चतुरानन मिश्र, कृषि मंत्री और खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्री ने खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्री का कार्यभार छोड़ दिया और कृषि मंत्रालय में पशुपालन एवं डेरी विभाग का कार्यभार संभाल लिया ।

(3) श्री जनेश्वर मिश्र ने जल संसाधन मंत्री का कार्यभार छोड़ दिया और पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

(4) श्री एम0 अरुणाचलम ने श्रम मंत्री का कार्यभार छोड़ दिया और रसायन एवं उर्वरक मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

(5) श्री एम0पी0 वीरेन्द्र कुमार ने वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त कार्यभार छोड़ दिया तथा श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का कार्यभार संभाल लिया वे शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का अतिरिक्त कार्यभार डा0 यू0 वेंकटेश्वरलू के कार्यभार संभालने तक अस्थायी तौर पर संभाले रहेंगे ।

(6) श्री रघुवंश प्रसाद सिंह ने कृषि मंत्रालय में पशुपालन और डेरी विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का कार्यभार छोड़ दिया और खाद्य तथा उपभोक्ता मामले मंत्रालय में राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) का कार्यभार संभाल लिया ।

(7) श्री शीश राम ओला ने रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का कार्यभार छोड़ दिया और जल संसाधन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का कार्यभार संभाल लिया ।

महेश

----

300 प्रतियां

..2/-

260

§8§ डा0 यू0 वेंकटेश्वरलू, जिनका अभी ईलाज चल रहा है, स्वस्थ होने पर शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री §स्वतंत्र प्रभार§ का कार्यभार संभालेंगे।

§9§ श्री योगेन्द्र के0 अलघ, योजना एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री § स्वतंत्र प्रभार§ तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री §स्वतंत्र प्रभार§ ने योजना एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री §स्वतंत्र प्रभार§ का कार्यभार छोड़ दिया और विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री §स्वतंत्र प्रभार§ का कार्यभार संभाल लिया ।

§10 §श्रीमती जयन्ती नटराजन ने नागरिक उड्यन मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

§11§ श्रीमती कमला सिन्हा ने विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

§12§ श्रीमती रत्नामाला धारेश्वर सवानूर ने योजना एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

§13§ श्रीमती रेणुका चौधरी ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

§14§ डा0 एस0 वेणुगोपालाचारी ने विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार छोड़ दिया और कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

§15§ श्री सलीम इकबाल शेरवानी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री §स्वतंत्र प्रभार§ का कार्यभार छोड़ दिया और विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया।

§16§श्री सतपालजी महाराज ने रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार छोड़ दिया और वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

[signature] 21.1.97

§ वी0के0 गाबा §
कृते मंत्रिमंडल सचिव
दूरभाष: 3015802

--

सेवा में,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य ।

महेश

----

§50 प्रतियां

प्रतिलिपिः योजना आयोग के उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

§ वी0के0 गाबा §
कृते मंत्रिमंडल सचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः

राष्ट्रपति के सचिव ।
उप-राष्ट्रपति के सचिव ।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को भी सूचनार्थ प्रेषितः

प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव।
प्रधान मंत्री के सचिव ।

§ वी0के0 गाबा §
अवर सचिव, मंत्रिमंडल

प्रतिलिपिः भारत सरकार के सभी सचिवों/विशेष सचिवों/अपर सचिवों/अध्यक्ष, रेल बोर्ड/लेखा अधिकारी, वेतन एवं लेखा कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय को सूचनार्थ प्रेषित ।

§ वी0के0 गाबा §
अवर सचिव, मंत्रिमंडल

प्रतिलिपिः भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों/लोक सभा सचिवालय§प्रश्न शाखा§/राज्य सभा सचिवालय§प्रश्न शाखा§/स्थापना अधिकारी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/विदेश मंत्रालय§प्रोटोकोल डिवीजन§/पत्र सूचना कार्यालय/अनुभाग अधिकारी, एन॰जी॰ओ॰ अनुभाग, प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रेषित ।

§ वी0के0 गाबा §
अवर सचिव, मंत्रिमंडल

महेश

----

300 प्रतियां